दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 206 मुरादाबाद 23 November 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## Chief Minister Yogi announced the Global Investors Summit, said – investors from all over the world are welcome

Chief Minister Yogi Adityanath formally announced the Uttar Pradesh Global Investors Summit-2023 at a program organized in Delhi on Tuesday and called upon the investors to be the co-travellers of the progress of New India, New Uttar Pradesh. With the resolve to make Uttar Pradesh the growth engine of the country's development, Chief Minister Yogi Adityanath has formally announced the organization of "Uttar Pradesh Global Investors Summit-2023". In a grand curtain raiser ceremony organized at Sushma Swaraj Pravasi Bhartiya Bhawan in New Delhi on Tuesday, in the dignified presence of eminent personalities from national and international industry, representatives of industrial organizations, representatives of several public sector companies, etc. Industrial investors were invited to invest in Uttar Pradesh.

Unveiling the logo of GIS 2023, the Chief Minister said that Uttar Pradesh today is on the cusp of a progressive transformational journey under the guidance of Prime Minister Narendra Modi. The vision of 'self-reliant India' set by the Prime Minister is the main pillar of this rejuvenation. Following the Prime Minister's vision of making India a $5 trillion economy, Uttar Pradesh has set itself a target of $1 trillion. In this sequence, our government is organizing a Global In-



vestors Summit in Lucknow from February 10 to 12, 2023, so that the country and the world can benefit from the immense business opportunities available in the state. Will prove useful in providing an integrated platform to support economic development. He said that this three-day global conference will be attended by world class policy makers, top leadership of the corporate world, business delegations, academia, think tanks and intellectuals and collectively brainstorm on business possibilities and opportunities for partnership. Uttar Pradesh is inviting investors from all over the world for this unique event with a great purpose. He said that this time the state has set a target of ? 10 lakh crore global investment through this summit. Netherlands, Denmark, Singapore, United Kingdom and Mauritius will be the partner countries - Informing about the preparations for the summit so far, the Chief Minister said that so far 21 countries have expressed their enthusiasm to participate with us in the grand event of the summit. Happy to share that the Netherlands, Denmark, Singapore, United Kingdom and Mauritius will be partnering with us as partner countries for the Global Investors Summit. Apart from this, the state government is also organizing road-shows in 18 countries and 07 major cities of India to invite industrial investors from all over the world to the summit. Addressing the Ambassadors/High Commissioners of various countries, the Chief Minister said that all of you should come, participate and make the Global Summit a success. The Chief Minister also thanked the top management of the prestigious public sector units and the officers of the Government of India for their cooperation.

Uttar Pradesh has changed with world class facilities

Speaking at the event, the Chief Minister said that Uttar Pradesh has improved its business environment in a big way over the years by providing competent policy support and world-class infrastructure. For proactive investor connect and handholding, our Government has developed a new online system called "Nivesh Sarathi" for signing Memorandum of Understandings (MoUs) and monitoring their implementation, as well as an online Incentive Management System has gone. Introducing the latest industrial policy and sectoral policy of the state, he said that the Uttar Pradesh government has launched various projects in various sectors including IT/ITES, Data Center.

## Violence on the Assam-Meghalaya border, 6 people have died in firing so far; Internet service stopped in 7 districts



Guwahati, Agency. Violence broke out in the early hours of Tuesday while timber smuggling was stopped at the Assam-Meghalaya border. Six people, including a forest guard, died in the violence. The violence broke out after police stopped a truck carrying illegal timber at the Assam-Meghalaya border, officials said. Internet service has been stopped in 7 districts as a precautionary measure.

### Forest guards caught three people

Imdad Ali, Superintendent of Police, West Karbi Anglong has given this information. He told that the Assam Forest Department had stopped the truck at the Meghalaya border. The truck driver tried to escape. To stop him, the forest guards opened fire. The officer further said that the tire of the truck got punctured in the firing. Forest guards caught three people including the truck driver. However, others managed to escape.

### The crowd arrived with weapons

The officer said that information about the incident was given to the nearest police station and a demand was made for additional police force. As soon as the police arrived at five in the morning, some local people reached there with weapons in their hands. The mob surrounded the forest guards and the police demanding the release of the smugglers. Had to fire on the crowd in defence.

### 6 people including forest guard died

The forest guard died in the firing. Apart from that, five people from Meghalaya have also died. Those injured in the violence have been admitted to the hospital. The reason for the death of the forest guard could not be ascertained. An investigation has been started into the incident.

### Internet service stopped in 7 districts

On the other hand, internet services have been suspended in seven districts of Meghalaya as a precautionary measure. CM Konrad Sangma told that the Meghalaya Police has registered a case in the matter.

# अलक्षेंद्र इन्टर कॉलेज में यातायात जागरूकता अभियान

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- सड़क दुर्घटनाओं तथा उनसे होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए यातायात माह नवम्बर-2022 में अलक्षेंद्र इंटर कालेज भिनगा में यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों/संकेतो का सदैव पालन करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही साथ बच्चों को अपने सगे संबंधियों को भी यातायात नियमो/संकेतो का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया व पम्पलेट वितरित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि किस प्रकार से यातायात नियमो का पालन कर हम सड़क दुर्घटनाओं मे होने वाली मानव क्षति पर प्रभावी अकुंश लगा सकते है। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना, सीट बेल्ट लगाना तथा मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ-साथ शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवर स्पीड व लापरवाही पूर्वक वाहन न चलाने की के बारे में बताया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्राओं को नारी सशक्तिकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। तत्पश्चात यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के सम्बंध में जानकारी के साथ-साथ यातायात व्यवस्था हेतु प्रयुक्त होने वाले यातायात उपकरणों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष पांडेय मय यातायात टीम व विद्यालय के प्रधानाचार्य मय स्टाफ मौजूद रहे।


# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने वार्ड नंबर 36 धनीपुर में जनसंपर्क किया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने गांव धनीपुर में वार्ड नंबर 36 में कई क्षेत्रों का दौरा किया जनता से जनसंपर्क किया जनता की समस्याओं को भी सुना जनता से नगर निगम के चुनावों में तैयार रहने को कहा है उन्हेंने कहा है कि केंद्र में उत्तर प्रदेश में जो भाजपा ने कार्य किया है वह किसी ने कार्य तक नहीं किया बराबर 2 महीने का राशन आज भी जनता को मिल रहा है लोगों को रोजी-रोटी मिल रही है कोई इस शासन में व्यक्ति भूखा नहीं है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जनता से जन संपर्क करते हुए कहा है कि नगर निगम में भी भाजपा को वोट मजबूती देने की जरूरत है हर घर पर जा रहे हैं जनता की समस्याएं सुन रहे हैं आज जनता का रुझान भाजपा की तरफ है ठाकुर बस्ती मोहन नगर आदि मोहल्लों में जनसंपर्क किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि नगर निगम का चुनाव भाजपा पूर्ण बहुमत से जीत रही है जनता से कहां है कि नगर निगम के चुनावों के लिए तैयार रहें

# चेयरमैन ने पम्प रूम एवं नगर में बनी तीन सड़को का किया लोकार्पण



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- आदर्श नगर पंचायत खुटार के जनप्रिय चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने मोहल्ला नारायनपुर में बने इंटरलॉक रोड का लोकार्पण किया उसके बाद मोहल्ला पूर्वी गढी में बनी दो इंटरलॉक सड़को का लोकार्पण किया और बहुत समय से खराब पड़े पंप रूम का बटन दबाकर शुभारंभ किया।चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने बताया कि अब नगर जनता को और भी आराम मिलेगी क्योंकि अब नगर में दो पानी के लिए पंप हैं जिससे और अधिक से अधिक पानी की सप्लाई नगर में की जा सकेगी इस दौरान साथ में सभासद आशीष मिश्रा, सभासद पुत्र मिलन मिश्रा, महेंद्र शुक्ला ,ओम प्रकाश शुक्ला ,पुरुषोत्तम मिश्रा, अनिल अग्निहोत्री,सुधांशु मिश्रा, विमल राठौर ,रामपाल कश्यप ,सरोज मिश्रा ,अवधेश मिश्रा ,मिथुन कश्यप, पवन राठौर, रामसेवक गुप्ता, रोहित राठौर ,नंदकिशोर वर्मा, संतोष वर्मा,अंकित मिश्रा ,अवनीश राठौर ,आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# Hate Speech Case में आजम खां को राहत, अपील पर सुनवाई के लिए सपा नेता की स्थायी जमानत अर्जी मंजूर



रामपुर- सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां को मंगलवार को अदालत से राहत मिली है। भड़काऊ भाषण मामले में अदालत आजम खां को तीन साल कैद की सजा सुना चुकी है। सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए अदालत ने आजम की स्थायी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

## आजम खां साढ़े तीन घंटे कोर्ट की कस्टडी में रहे

कोर्ट की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को जमानत अर्जी पर फैसला आने तक आजम खां को कोर्ट की कस्टडी में साढ़े तीन घंटे तक रहना पड़ा। आजम खां को रामपुर की एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) से 27 अक्टूबर को तीन साल कैद की सजा हुई थी। यह सजा उन्हें वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भड़काऊ भाषण देने पर हुई थी।

## सजा पर अपील के लिए अदालत ने दी है जमानत

अदालत ने उन्हें सजा के आदेश के खिलाफ अपील के लिए समय देते हुए जमानत पर छोड़ दिया था। आजम खां ने एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) में सजा के खिलाफ अपील दायर की थी। साथ ही अंतरिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। अदालत ने 22 नवंबर तक उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी।

## शाम चार बजे आजम खां कोर्ट से बाहर आए

मंगलवार को आजम खां की ओर से स्थायी जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। इसके लिए आजम खां दोपहर 12.30 बजे कोर्ट पहुंच गए। कोर्ट ने उन्हें कस्टडी में ले लिया। शाम चार बजे स्थायी जमानत अर्जी पर फैसला आने के बाद आजम खां कोर्ट से बाहर आ सके। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि कोर्ट ने स्थायी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। अब सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई होगी। इसके लिए अदालत ने दो दिसंबर नियत की है।

# राशनकार्ड सत्यापन एवं दुकान नियुक्ति के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में राशनकार्ड सत्यापन एवं दुकान नियुक्ति के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट कक्ष में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राशन कार्ड सत्यापन की रिपोर्ट शत-प्रतिशत पूर्ण न होने पर असन्तोष व्यक्त किया। उन्होने सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिकारी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा/नगर पंचायत इकौना को 01 सप्ताह के अन्दर राशन कार्ड सत्यापन का कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। जिससे अपात्र राशनकार्ड निरस्त कर पात्र व्यक्तियों को राशनकार्ड जारी किये जा सके।उन्होने यह भी निर्देश दिया कि निरस्त/रिक्त दुकानों के सम्बन्ध में डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 से सक्रीय स्वयं सहायता समूह की सूची प्राप्त कर प्रस्ताव कराकर दुकान नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण करायी जाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना रोहित, जमुनहा सौरभ शुक्ला, जिला पूर्ति अधिकारी दीपक वार्ष्णेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा/नगर पंचायत इकौना सहित पूर्ति निरीक्षक गण, खण्ड विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पोषण पाठशाला का आयोजन संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने बताया है कि शासन के मंशानुसार ''पोषण पाठशाला'' का आयोजन 25 नवम्बर, 2022 को अपरान्ह 12 बजे से 02 बजे के मध्य एन0आई0सी0 के माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य थीम ''सही समय पर ऊपरी आहार की शुरूआत'' पार्ट-2 है। पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा इस सम्बन्ध में हिन्दी में विस्तार से चर्चा की जायगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया जायेगा। इस कार्यक्रम का लाइव वेब कास्ट भी किया जायेगा। जिसका वेब लिंक https://webcast.gov.in/up/ieds है। इस लिंक के माध्यम से कोई भी लाभार्थी आम जनमानस इस कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकते है।

**अन्य खबरों के लिए देखे. WWW.KNLSIVE.COM**

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग का भी बिल्डिंगों में अनिवार्य रुप से प्रोविजन हो-अपर आयुक्त

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -कमिश्नरी सभागार में अपर आयुक्त बी0एन0 यादव की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषदों के अनुपस्थित अधिशासी अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिये तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम रामपुर के गैर हाजिर रहने पर स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजना जो कि धनाभाव के कारण पूर्ण नहीं की जा सकती है उन सभी परियोजनाओं की धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु विशेष प्रयास किए जाये। अपर आयुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेरकोट निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब होनेपर जांच कर रिकवरी कराने के निर्देश दिए। राजकीय आईटीआई काल्लूवाला, अफजलगढ़ बिजनौर में कार्यदायीं संस्था सीएनडीएस की स्थिति से प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 को निर्माण प्रगति के संबंध में अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिग्री कॉलेज व आई टी आई भवन आदि हेतु निर्बाध पहुंच मार्ग की व्यवस्था अवश्य की जाए। इसके लिए तत्काल जिलाधिकारियों से संपर्क स्थापित किया जाए बैठक में उपस्थित अधीक्षण अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया गया कि की बाढ़ खंड के निर्माण कार्य तथा रामपुर के कार्यों की जांच कर अपनी आख्या 1 सप्ताह में प्रस्तुत करे निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग से अपेक्षा की गई कि जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज की पहुंच मार्ग 7.5 मीटर चैड़ाई में बनाने का प्रस्ताव तत्काल जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाए। समीक्षा बैठक में डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह सहित कार्यदाई संस्थाओं के अधीक्षण अभियंता एवं मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय सराय एवं आंगनवाडी केन्द्र अगवानपुर का किया औचक निरीक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज आंगनवाडी केन्द्र अगवानपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आंगनवाडी कक्षों में पढ़ रहे बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने श्यामपट्ट पर सवाल लिखकर बच्चों से उनको हल भी कराया। जिलाधिकारी ने अगवानपुर के प्राथमिक विद्यालय सराय का भी निरीक्षण किया और बच्चों से देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पूछकर उनके ज्ञान को परखा। जिलाधिकारी ने सभी बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़े और अध्यापिकाओं को भी निर्देशित किया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था प्रदान करें। पढ़ाई की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी न रहें।

# फुटबॉल के फाइनल में भिड़ेंगे बरेली और वाराणसी मंडल

मुरादाबाद - मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित अंतर मंडलीय सीनियर ब्वॉयज फुटबॉल चैंपियनशिप में सोमवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले हुए। पहले मैच में बरेली मंडल ने मेरठ को हराया। जबकि दूसरे मैच में वाराणसी ने अलीगढ़ मंडल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब फाइनल में बरेली और वाराणसी की भिड़ंत होगी। पहले मैच में बरेली और मेरठ के बीच रोमांचक मैच हुआ। बरेली के खिलाड़ियों ने छोटे और लंबे पास खेल कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। पहले मध्यांतर में बरेली के खिलाड़ियों ने एक गोल कर मेरठ पर अपना वर्चस्व बना लिया, जो अंत तक कायम रहा। इस तरह बरेली ने यह मुकाबला 1-0 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में वाराणसी मंडल व अलीगढ़ मंडल के खिलाड़ियों को चोट का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें एक दूसरे पर अपना वर्चस्व बनाना चाहती थीं पर मुकाबला कड़ा था। पहले मध्यांतर के अंत तक बरेली टीम एक गोल की बढ़त के साथ बनी रही। दूसरे मध्यांतर में अलीगढ़ ने आक्रमण तेज किए लेकिन सफलता नहीं मिली। जबकि वाराणसी ने मौका देख एक और गोल दाग दिया। इस तरह वाराणसी की टीम ने ये मैच 2-0 से जीत कर फाइनल में स्थान पक्का किया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मंगलवार दोपहर 12 बजे शुरू होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर डीआईजी शलभ माथुर को आमंत्रित किया गया है। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव मोहम्मद शाहिद होंगे। सोमवार को चैंपियनशिप ऑब्जर्वर आरिफ नजमी, चयनकर्ता अजीत सिंह, भैरो दत्त, शमीम अहमद मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में देबुजीत सिंह यादव, अजय यादव, महेश चंद, मेहरुद्दीन खान, मोहम्मद इमरान, माधुरी देवी रहीं। सोमवार को विशेष अतिथि लिटिल एंजेल्स स्कूल के डायरेक्टर मसर्रत हफीज व काजी शुजाअत रहे।

## आर्यंस को आठ विकेट से हराकर आरएसडी ने उठाई ट्रॉफी

मुरादाबाद - जिला स्तरीय बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें आरएसडी अकादमी ने आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल को आठ विकेट से हराकर विजेता ट्रॉफी उठाई। यह प्रतियोगिता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में सोनकपुर स्टेडियम में आयोजित हुई। आरएसडी अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल की टीम आरएसडी के गेंदबाजों के सामने नतमस्तक नजर आई। नीलम ने 12 रन बनाए। आर्यंस टीम से गोल्डी, अंशिका को एक एक विकेट मिला। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक, आरएसडी अकादमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार, यश शुक्ला, सीएल वर्मा, प्रदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में अयान, रितिक और चंद्र प्रताप रहे।

## मुनीर ने मुरादाबाद में कैशवैन लूटने की रची थी साजिश

मुरादाबाद -मुरादाबाद। एनआईए अफसर तंजील अहमद और उनकी पत्नी की हत्या करने वाले मुनीर ने मुरादाबाद में कैश वैन लूटने की साजिश रची थी। लेकिन खतरा भांपकर वह ऐन वक्त पर मुरादाबाद से लौट गया था। इसके बाद उसने बिजनौर के धामपुर में पीएनबी की कैश वैन लूट ली थी। पुलिस रिमांड में मुनीर ने से बताते कबूली थीं। बिजनौर के स्योहारा थानाक्षेत्र के सहसपुर गांव के पास 2 अप्रैल 2016 की रात एनआईए अफसर तंजील अहमद और उनकी पत्नी फरजाना की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। दो अगस्त 2016 को बिजनौर पुलिस ने मुनीर को रिमांड पर लिया था। उसने पूछताछ में बताया था कि 28 दिसंबर 2015 को धामपुर में बैंक लूट की वारदात को अंजाम देने से पहले मुरादाबाद में कैश वैन लूटने की फिराक में था। वह अपने साथी सऊद के हरथला में अपने पिता की टाइल्स की दुकान बैठता था। यहां कई दिन रुक कर दोनों ने रेकी थी। शहर के एटीएम के इर्द गिर्द घूमा था। उसकी योजना थी कि शहर के बाहर वाले एटीएम पर कैश वैन को निशाना बनाया जाएगा। ताकि फरार होने में कोई दिक्कत न पड़े लेकिन खतरा भांपने पर उसने अपना प्लान बदल दिया था। इसके बाद उसने बिजनौर के धामपुर में वारदात कर दी थी।

# सूदखोर माफिया की आठ करोड़ 19 लाख की संपत्ति कुर्क

मुरादाबाद - बिलारी के साहूकुंज निवासी सूदखोर माफिया अनुकूल सिंह की 8,19,56000 की संपत्ति कुर्क की गई। पुलिस अधीक्षक देहात संदीप कुमार मीना, एसडीएम राजबहादुर सिंह, सीओ सलोनी अग्रवाल, सीओ डॉ. गणेश कुमार गुप्ता और कोतवाली प्रभारी अमित कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ सोमवार दोपहर मोहल्ला साहूकुंज में पहुंचे। अधिकारियों ने ढोल बजवाकर उसकी आरोपी अनुकूल सिंह की संपत्ति कुर्क करने की मुनादी कराई। परिजनों और रिश्तेदारों के आ जाने पर उन्हें डीएम का कुर्की संबंधी आदेश पढ़कर सुनाया। प्रशासन ने अपने ताल डाल दिए और डीएम के आदेश पर एसडीएम को संपत्ति के प्रशासक की जिम्मेदारी सौंप दी गई। बिलारी नगर में आरोपी अनुकूल के आवास और दुकान के अलावा मुड़िया भीकम को जाने वाली सड़क किनारे स्थित कृषि भूमि और ग्वारऊ गांव स्थित कृषि भूमि को भी कुर्क कर लिया गया। बिलारी में अनुकूल सिंह के खिलाफ 23 सितंबर को गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया। इसके अलावा आरोपी के खिलाफ बिलारी और हजरतनगर गढ़ी में धोखाधड़ी और जालसाजी के पंद्रह अन्य मुकदमे दर्ज हैं। एसपी देहात संदीप मीना ने बताया कि आरोपी ने सूद का धंधा कर अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की थी। कई पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ थाने में धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज कराए थे। कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी अनुकूल सिंह आठ माह से जेल में है। उन्होंने बताया कि आरोपी आठ करोड़, 19 लाख 56 हजार की संपत्ति कुर्क की गई। इस संपत्ति में मकान, प्लाट, कृषि भूमि, एफडी शामिल हैं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Questions raised on live-in

In a landmark judgement, the Supreme Court held live-in relationships to be neither a 'crime' nor 'immoral'. It was explained by adding to Article 21 of the Constitution that any adult is free to live with the partner of his choice. The court had also talked about giving the live-in the status of 'married' after a gap. Children born out of such a relationship were also given many rights. The child will be a sharer in the property of his parents, although he will not have any right in the ancestral property of the father (grandfather etc.). Similarly, in live-in, the woman will also have the right to pay alimony in case she is abandoned by the male partner, without consent. Women can also approach the police station or court in case of domestic violence. Although live-in has been legally talked about by giving rights to women and children to protect relationships, but Aftab, the alleged murderer in Shraddha Tukde Tukde murder case, is not just an example of live-in or love jihad, but he -The demon has an atrocious form. The matter of constitutional right or protection of live-in can be considered when the woman can remain alive in such a relationship or the culmination of live-in is marriage. The Supreme Court gave a legal interpretation on live-in, but how mature, cultural, serious and a symbol of true attachment these relationships are, the court could not go deep into them. Shraddha murder case is not the only example, but in live-in, the girl had got her partner murdered. Some more examples will also be before the court, but till date our traditional mindset could not understand what is the need of live-in. To us these relations appear to be nothing more than youthful sexual attraction and carnal intercourse. If you love someone and see him as your life partner, then it is your right to get married. You should get married, whether it is through the efforts of your parents or if you have to do it in court. Love-marriage continuing for centuries has been our cultural, social, recognized tradition. It is also a holy institution. Live-in separates adult children from their parents, so what other tradition can it be? Actually the concept of live-in has also come in our society from western and European countries. Movements have been run in his favor, conferences have been organized, propaganda has also been done after extensive social discussions, as a result India has also not remained untouched and the Supreme Court has also given recognition. if a demon had found a 'human victim'! Aftab did not even have a job. Both lived in a flat in Delhi by lying and pretending to be husband and wife. How the house-expenses were run and how the rent of the flat was paid, only Aftab would answer these questions, but he was addicted to searching 'dating apps'. Their fees also range from Rs.500-2500. This information has also come to the fore that Aftab had 'dating' relations with ten girls. In such a situation, the live-in relationship seems to be just a medium of physical attraction and hunger. Aftab killed Shraddha and cut her into pieces, what kind of love was this? Is this what happens in live-in? Even before the murder, he had been beating Shraddha. What was the bond in the live-in that Shraddha was forced to stay with Aftab even after being beaten and injured? Why didn't she return to her father's house or even go to the threshold of the court, such questions sting. Although the police is investigating, but our concern is about the live-in.

# Disha Patani's bathroom picture went viral, seen flaunting her hot figure in the mirror wearing a bikini



Bollywood actress Disha Patni remains in headlines for her boldness more than acting. Disha is counted among the hot and bold actresses of the industry. Famous Disha's social media account by the name of Bikini Babe is full of her bikini pictures. Meanwhile, Disha's bathroom picture is becoming increasingly viral on the internet. Everyone is sweating seeing Disha's look in this picture. Fans are commenting like this- Commenting on this picture of Disha Patni, a user wrote, 'Urfi Javed Part 2.' While one wrote, 'Crush of the whole world.' One wrote, 'Disha's figure is hot.' Don't know how many comments are coming on this picture of Disha. Disha Patni is a fitness freak- Let us tell you that Disha Patni takes full care of her fitness. No matter how busy she is with her work, she never forgets to work out. Not only Disha but also encourages the fans to stay fit. There are videos and pictures of many workouts on his Instagram account. Disha stays connected with fans through these posts. Disha Patni's breakup with Tiger Shroff-If reports are to be believed, Disha Patni has recently had a breakup with Jackie Shroff's son Tiger Shroff. She wanted to marry him, but at the moment the actor was not ready for it. After this both decided to separate. On the work front, Disha Patani will next be seen in Dharma Productions' Yodha alongside Sidharth Malhotra and Raashi Khanna.

# Akshay Kumar signs new comedy film after leaving Hera Pheri 3, this is Starcast



Bollywood Khiladi Akshay Kumar recently revealed during an event that he is not playing the role of Raju in Hera Pheri 3. As soon as this news broke, people on social media requested Akki to be a part of this franchise. If reports are to be believed, Akshay Kumar has joined a new project along with saying goodbye to Hera Pheri 3. This comedy of his is going to be full of full on comedy just like Hera Pheri. Leaving Hera Pheri 3, Akshay Kumar has signed this film - if reports are to be believed then after leaving Hera Pheri, now Anees Bazmee's has The comedy film Akshay Kumar is directed by Mudassar Aziz. The title of his upcoming film is 'Khel Khel Mein'. Akshay Kumar's film 'Ram Setu' was recently released in the theatre. The box office collection of this film was nothing special. Now if reports are to be believed, he is once again returning with the comedy journer 'Khel Khel Mein'. If their sources are to be believed, the star cast of the film has also been finalised, although no official announcement has been made by Akshay or the makers so far. These stars will be seen in 'Khel-Khel Mein' with Akshay Kumar - Mudassar Aziz Vaani Kapoor and Taapsee Pannu will be seen in the lead roles along with Akshay Kumar in this comedy film, while Punjabi cinema star Ammy Virk will play an important role in 'Khel Khel Mein'. According to the reports, Akshay Kumar's film will be a multistarrer film and talks are on with some other actors as well. Let us tell you that the pair of Vaani Kapoor and Akshay Kumar has previously appeared in the film 'Bell-Bottom', while he has worked with Taapsee Pannu in the films 'Naam Shabana' and Mission Mangal.

# खुशहाल परिवार परिवार दिवस के साथ शुरू हुआ पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-खुशहाल परिवार परिवार दिवस के साथ शुरू हुआ पुरुष नसबंदी पखवाड़ा ,लाभार्थियों को परिवार नियोजन के प्रति किया जागरूक, परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आगे आए पुरुष-अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिले में सोमवार को जिला चिकित्सालय समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान इच्छुक दंपती को परिवार नियोजन के साधन नि:शुल्क मुहैया कराये गए, साथ ही लाभार्थियों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया 21 नवम्बर से जनसंपर्क पखवाडे की भी शुरुआत हो चुकी है, इस पखवाड़ा के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता जनसंपर्क कर लोगों को परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए जागरूक करेंगी साथ ही इसके लिए तीन समूहों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसके पहले समूह में हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाली महिलाएं, दूसरे लक्षित समूह में नव विवाहित दंपती और तीसरे समूह में ऐसे योग्य दंपती को शामिल किया गया है,जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं, या जिनका परिवार पूरा हो चुका है परिवार कल्याण के नोडल अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार मोहन ने बताया कि जनपद के ब्लाक स्तरीय चिकित्सा स्वास्थ्य इकाइयों के साथ-साथ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन के दौरान परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की सुविधा सभी चिकित्सा स्वास्थ्य इकाइयों पर उपलब्ध कराई गई। साथ ही प्रत्येक दंपती को समझाया गया कि परिवार नियोजन के विषय में विचार-विमर्श करके ही अपना परिवार आगे बढ़ाना चाहिए,।इससे परिवार खुशहाल होगा। उन्होंने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन की जागरूकता व स्वीकृता को बढ़ावा देना है जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन के अस्थायी साधन अंतरा इंजेक्शन, छाया, माला एन, कंडोम, पीपीआईसीयूडी, आईसीयूडी,पिल्स आदि उपलब्ध है उन्होंने बताया कि 28 नवंबर को जैथरा में स्वास्थ्य केंद्र पर पुरुष नसबन्दी शिविर आयोजित होगा इसके बाद 4 नवंबर तक प्रत्येक दिन जिला चिकित्सालय पर पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा इच्छुक पुरुष परिवार नियोजन का स्थायी साधन अपना सकते है7 वह बताते हैं कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुरुष की भागीदारी भी बहुत जरूरी है, क्योंकि महिला नसबन्दी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी सरल और आसान है। पुरुष नसबन्दी से स्वास्थय पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है, इसलिए फैली हुई भ्रांतियों पर यकीन न करके, पुरुष वर्ग भी परिवार नियोजन अपनी भूमिका निभाए

www.knlslive.com

# यातायात पुलिस के साथ मिलकर लायंस क्लब द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यातायात जागरूकता माह नवंबर-2022 के क्रम में नगर क्षेत्र में यातायात पुलिस के साथ मिलकर लायंस क्लब द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, इस अवसर पर एसएसपी एटा द्वारा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हेलमेट तथा पंपलेट वितरित किए गए। आज दिनांक 22.11.2022 को यातायात जागरूकता माह नवम्बर 2022 के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत माया पैलेस स्थित जीटी रोड चौराहे पर लायंस क्लब द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों से जागरूक कराते हुए मौके पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा वहां उपस्थित आमजन को पंपलेट वितरित किए गए। साथ ही नाट्य कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री विनोद कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकुमार सिंह, कोतवाली नगर प्रभारी श्री सुधीर कुमार सिंह राघव, एवं यातायात प्रभारी श्री बचान सिंह व यातायात पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे।

# जिले में अर्बन पीएचसी पर लगेंगे हेल्थ एटीएम




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- रेडक्रास सोसयटी से आने वाले दो हेल्थ एटीएम शहरी क्षेत्र में लगाए जाएंगे। उसकी तैयारी शहरी क्षेत्र के दोनों अर्बन पीएचसी पर कराई जा रही है। इससे शहर में आने वाले रोगी हेल्थ एटीएम से ब्लड संबंधी जांच शुल्क देकर करा सकेंगे। अपंजीकृत पैथोलॉजी पर जांच कराने से भी बच सकेंगे। सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले में सबसे पहले हेल्थ एटीएम अर्बन पीएचसी मंडी समिति, नगला पोता पर लगाए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में हेल्थ एटीएम लगने से लोग अधिक लाभ ले सकेंगे। रेडक्रास सोसायटी से आने वाले दो हेल्थ एटीएम अर्बन पीएचसी पर लगाने की तैयारी कराई जा रही है। आने के बाद तत्काल स्थापित कराया जाएगा। हेल्थ एटीएम से लोग ब्लड संबंधी कई जांच निर्धारित शुल्क देकर करा सकेंगे। सीएमओ ने बताया कि हेल्थ एटीएम की शुरुआत होने पर लोग जनपदभर में संचालित हो रही अपंजीकृत पैथोलॉजी पर जांच कराने से भी बच सकेंगे। इसके लिए जिले में छह हेल्थ एटीएम लगाने की शासन की योजना है।

शहरी क्षेत्र के अर्बन पीएचसी पर सबसे पहले हेल्थ एटीएम शुरू कराए जाएंगे। इसके अलावा आने वाले अन्य चार हेल्थ एटीएम अलीगंज, जलेसर, मारहरा, सकीट क्षेत्र में लगाने की योजना है। ताकि जनपद के लोग इससे जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ ले सकें।

# हादसों का कारण बन रहे हैं ओवरलोड जुगाड़ू वाहन,प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-हादसों का कारण बन रहे हैं ओवरलोड जुगाड़ू वाहन, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान की सड़कों पर भाग रही जुगाड़ू मोटरसाइकिल रेहड़ियां हादसों का कारण बन रही हैं। जिनकी तरफ पुलिस और प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इन रेहड़ियों पर क्षमता से अधिक वजन लादकर इन्हें चलाया जाता है जिससे हर वक्त हादसे का खतरा बना रहता है। जुगाड़ू वाहन और 2 पहिया वाहनों के पीछे रेहड़ी लगे वाहन सैकड़ों की संख्या में ,,, की सड़कों पर घूम रहे हैं जिन पर क्विंटलों के हिसाब से सामान लोड किया होता है। बहुत से ऐसे वाहन हैं जिन पर 10 से 15 फुट तक के लम्बे लोहे के सरिये, लोहे के गार्डर आदि भी लोड किए होते हैं जो न केवल यातायात को बाधित करते हैं बल्कि हादसों का कारण भी बनते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने भी इन अवैध वाहनों को स्वीकार कर लिया है व इनके खिलाफ कोई खास कार्रवाई नहीं होती। ग्राहक जागो के सचिव संजीव गोयल द्वारा आर.टी.आई. के तहत ली गई जानकारी में पता चला है कि पिछले 3 सालों में ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे 49 वाहनों के चालान किए हैं जबकि ऐसे वाहनों की संख्या सैकड़ों में है व और लगातार बढ़ रही है। चौकी और थाना पुलिस से लेकर ट्रैफिक पुलिस दोपहिया वाहनों के तुरंत चालान कर देती है लेकिन इन जुगाड़ू वाहनों पर पुलिस का कोई ध्यान नहीं है। आर.टी.आई. में मिली सूचना के अनुसार ,,, में जुगाड़ू 2 पहिया वाहनों के पीछे रेहड़ी लगे वाहनों के वर्ष 2020 में 5 चालान तथा 2021 में मात्र 2 चालान किए गए। वर्ष 2022 में पुलिस ने जरूर 42 चालान किए लेकिन ये भी उस वक्त ही किए गए प्रतीत होते हैं जब सरकार ने इन पर पाबंदी लगाई थी। उसके बाद इन वाहनों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# शिवाजी और रंभा ने चारों शावकों के साथ लिया खुली केज का मजा, सात महीने बाद निकले बाहर

कानन पेंडारी जुलाजिकल पार्क के बाघ शिवाजी और बाधिन रंभा के चारों शावक पूरी तरह स्वास्थ्य हैं। अब धीरे-धीरे शावकों को ओपन केज में छोड़ा जा रहा है। ताकि ओपन बाड़े में रहने की आदत पड़ जाए। अब ये सभी शावक अपनी मां के साथ सप्ताह में एक दिन गुरुवार को पर्यटकों के सामने आएंगे। इन्हें ओपन केज में रखने का फैसला लिया गया है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क के ओपन केज में बाघ शिवाजी और रंभा ने अपने चार शावकों के साथ जमकर मस्ती की। पूरे दिन ओपन केज का यह बाघ मजा लेते रहे।



इस दौरान पहुंचे पर्यटक भी उन्हें सामने से देखकर उत्साहित हो गए। करीब सात माह बाद इन बाघों को ओपन केज में छोड़ा गया था। हालांकि जू प्रबंधन ने शाम होते ही एक बार फिर उन्हें केज में भेज दिया। कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में बाघ का कुनबा बढ़ाने की लगातार कोशिश चल रही हैं। इस कोशिश में कानन पेंडारी प्रबंधन को सफलता भी मिली है। प्रबंधन ने शिवाजी और रंभा की मीटिंग कराई। इसका नतीजा सुखद रहा। करीब 7 महीने पहले 17 अप्रैल को बाघिन रंभा ने चार शावकों को जन्म दिया। इन शावकों की बहुत देखभाल की गई। लगातार वन्य प्राणियों की मौतों के चलते प्रबंधन थोड़ा डरा हुआ था। जू प्रबंधन की इस मायूसी को इन शावकों की मस्ती ने दूर कर दिया। आमतौर पर तीन या चार महीने सबको को उसकी मां के साथ ओपन की केज में छोड़ दिया जाता था, लेकिन इस बार एहतियात बरती गई। 7 महीने बाद शावको और उसकी मां को ओपन केज में छोड़ा गया। प्रबंधन का प्रयास है कि इन शावकों को ओपन बाड़े में रहने की धीरे-धीरे आदत पड़ जाएगी। ऐसे में अब हर गुरुवार को इन्हें उनकी मां के साथ पर्यटकों के सामने लाया जाएगा।

# नक्सलियों का आज बंद, वाहनों के थमे पहिये, अंदरूनी इलाकों में सन्नाटा, मोबाइल टावर में आगजनी




दर्शन पद्दा नक्सलियों की परतापुर एरिया कमेटी का सचिव था। उस पर आठ लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। वहीं जागेश भी आठ लाख का इनामी और स्माल एक्शन टीम का प्रभारी था। नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने को कांकेर पुलिस अपनी बड़ी सफलता मान रही है। वहीं नक्सली फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर इलाकों में नक्सलियों ने मंगलवार को बंद एक दिन पहले ही पोस्टर-बैनर लगाकर बंद का आह्वान किया था। हालांकि नक्सलियों का उत्पात 20 नवंबर से ही जारी हो गया था। इस दौरान नक्सलियों ने यात्री बस सहित कई मोबाइल टावर में आग लगा दी थी। नक्सली अगले दिन सुबह करीब 12 घंटे तक उत्पात मचाते रहे थे। इस दौरान आकमेता में एक मोबाइल टावर बम से उड़ा दिया। वहीं कोयलीबेडा में जेसीबी और ट्रैक्टर को भी जला दिया



बुलाया है।

इस बंद का असर कांकेर के साथ-साथ कोंडगांव और नारायणपुर में देखने को मिल रहा है। अंदरूनी इलाकों में सन्नाटा पसरा हुआ है। दुकानें बंद हैं। नक्सलियों के डर से यात्री बसों के पहिये थमे हुए हैं। खदानों से भी वाहन बाहर नहीं निकल रहे हैं। इस बीच देर रात फिर नक्सलियों ने तीन जगह मोबाइल टावर में आग लगा दी है। फिलहाल नक्सलियों के इस बंद को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दरअसल, नक्सली अपने लीडर दर्शन पद्दा और जागेश को फर्जी मुठभेड़ में मारे जाने का आरोप लगा रहे हैं। इसके विरोध में नक्सलियों ने था। नक्सलियों ने फिर मोबाइल टावर को देर रात निशाना बनाया है। सोमवार रात करीब 3 बजे चिंताभाट और भैसासुर थाना क्षेत्र, सिकोड और सरांडी क्षेत्र के तोडोकी में जिओ के तीन मोबाइल टावर में आग लगाई है। आगजनी से टावर में लगी मशीन और बॉक्स जल गए हैं। इसके अलावा नक्सलियों ने अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग, अंतागढ़-आमाबेड़ा मार्ग को पेड़ गिराकर बंद कर रखा है। नक्सलियों के उत्पात और बंद को देखते हुए खदान से भी वाहन नहीं निकल रहे हैं। अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, पखांजूर, बांदे जाने वाली सभी यात्री बसों को भानुप्रतापपुर में ही रोक दिया गया है।




# ब्रह्मानंद पर बवाल: BJP प्रत्याशी पर आरोप से भड़के कार्यकर्ता, CM का पुतला फूंका, पुलिसवालों से धक्का-मुक्की

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भाजपा उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम पर नाबालिग से गैंगरेप और देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया है। इसके लिए उन्होंने सबूत के तौर पर स्त्रडक्रकी कॉपी भी मीडिया के सामने रखी है। हालांकि ब्रह्मानंद नेताम सहित भाजपा ने इन आरोपों को निराधार बताया है। छत्तीसगढ़ में कांकेर के भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम पर लगे आरोप पर अब हंगामा शुरू हो गया है। इसके विरोध में मंगलवार को भाजयुमो के तमाम कार्यकर्ता बिलासपुर में सड़क पर उतर आए और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई।





भाजपाइयों का दावा है कि इसमें कुछ कार्यकर्ता चोटिल भी हुए हैं। भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम पर कांग्रेस नेताओं ने नाबालिग से दुष्कर्म और उसे देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा इन आरोपों को झूठा बता रही है। इसी के चलते भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मंगलवार को बिलासपुर में प्रदर्शन किया। भाजयुमो के कार्यकर्ता शाम को नेहरू चौक पर एकत्र हो गए और सड़क जाम कर दी। इसके बाद मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने लगे। भाजयुमो के इस प्रदर्शन को देखते हुए पहले से ही पुलिस व्यवस्था की गई थी। कार्यकर्ताओं को सीएम का पुतला दहन करते देख पुलिस ने छीनने का प्रयास किया। इसके चलते दोनों ओर से जमकर धक्का-मुक्की हुई। हालांकि भाजपाई पुतला दहन करने में सफल रहे। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कहा कि उप चुनाव में हार के डर से भाजपा उम्मीदवार पर झूठे आरोप कांग्रेस लगा रही है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार पर झूठे आरोप के विरोध में पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया गया है। इसी के तहत बिलासपुर में भी प्रदर्शन हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के चरित्र हनन का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के षड्यंत्र को सफल नहीं होने देंगे। प्रदर्शन के दौरान हमारे चार-छह साथी चोटिल हुए हैं। प्रशासन उन्हें अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराए। प्रदर्शन के दौरान आम जनता को परेशानी में डालने का कोई काम नहीं किया गया।